**Dainik Jagran (31.03.2016)**

# वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के विस्तार की राह हुई साफ

## बहुमंजिला इमारतें बना कर दूर की जाएगी जगह की कमी

हरेंद्र नागर, फरीदाबाद

**वाइएमसीए** यूनिवर्सिटी जल्द नए स्वरूप में नजर आएगी। इसके विस्तार को कार्यकारिणी समिति की बैठक में मंजूरी मिल गई है। जगह की कमी को बहुमंजिला इमारतें बनाकर दूर किया जाएगा। विभिन्न इमारतों के निर्माण के लिए जल्द टेंडर आमंत्रित किए जाने है। यूनिवर्सिटी में विस्तार का फायदा इसमें पढ़ाई करने वाले पूरे प्रदेश के विद्यार्थियों को मिलेगा। उन्हें अच्छी सुविधाएं मिल सकेंगी। सीटों का भी विस्तार होगा। जिससे अधिक विद्यार्थियों को यहां पढ़ने का मौका मिलेगा।

वाईएमसीए प्रदेश की तीन तकनीकी विश्वविद्यालयों में से एक है। यहां पूरे प्रदेश से इंजीनियरिंग के विद्यार्थी पढ़ाई करने आते है। यूनिवर्सिटी के प्रदर्शन को देखते हुए इसके विस्तार की मांग काफी समय से उठ रही थी। अब तक जगह की कारण विस्तार की योजना सिरे नहीं चढ़ पा रही थी। कुलपति डॉ. दिनेश कुमार अग्रवाल ने यहां पदभार संभालने के बाद बहुमंजिला इंमारतों के जरिये यूनिवर्सिटी के विस्तार का प्रस्ताव तैयार किया। इसे कार्यकारिणी समिति ने मंजूरी दे दी है। अब यहां छह मंजिला प्रशासनिक ब्लॉक, विज्ञान ब्लॉक, स्टाफ व कर्मचारियों के लिए बहुमंजिला फ्लैट व छात्रों के लिए नए हॉस्टल का निर्माण किया जाना है। इस कार्य पर 50 से 60 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। यूनिवर्सिटी फिलहाल अपने फंड से इस कार्य को कराने में सक्षम है।



यूनिवर्सिटी के विस्तार के लिए कार्यकारिणी समिति की मंजूरी मिल गई है। उत्कृष्ट इमारते तैयार करने की योजना है, इसलिए किसी अच्छी एजेंसी को इसका कार्य दिया जाएगा। इसके लिए जल्द टेंडर मंगाए जाएंगे। कुछ पद खाली पड़े होने के कारण भी विस्तार का कार्य सिरे नहीं चढ़ रहा था। अब कुल सचिव ने पदभार संभाल लिया है। अन्य महत्वपूर्ण पद भी जल्दी भरे जाएंगे, इससे प्रशासनिक कार्यों मे तेजी आएगी। नई इमारते बनने के बाद अधिक जगह उपलब्ध होगी। तब नए कोर्स शुरू करना हमारे लिए आसान होगा। – डॉ. दिनेश कुमार अग्रवाल, कुलपति, वाईएमसीए यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद।

# विश्वविद्यालय के कुलसचिव बने डॉ. संजय कुमार शर्मा



वाईएमसीए के नए कुल सचिव बनने पर डॉ. संजय कुमार शर्मा को शुभकामनाएं देते कुलपति डॉ. दिनेश कुमार अग्रवाल। जागरण

**जासं, फरीदाबाद :** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुल सचिव डॉ. संजय कुमार शर्मा ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। वह इससे पहले ई-मैक्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड रिसर्च, अंबाला में निदेशक पद पर रहे है। कार्यवाहक कुल सचिव डॉ. तिलकराज ने उन्हें कार्यभार सौपा। डॉ. तिलकराज 30 मार्च, 2015 से कार्यवाहक के तौर पर कुल सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। डॉ. शर्मा का अकादमिक, अनुसंधान एवं विकास, मानव संसाधन विकास, उद्योग तथा प्रशासन में लगभग तीस वर्ष का अनुभव है। उन्होंने करियर की शुरुआत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से की और एएमयू, गुरु नानक देव विवि अमृतसर, एनआइटी कुरुक्षेत्र, महर्षि मारकंड विवि मुलाना सहित कई इंजीनियरिंग संस्थानों में सेवाएं दी है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में उनके लगभग 64 अनुसंधान पत्र प्रकाशित हुए है।

**Dainik Jagran (31.03.2016)**

# केके कथूरिया का निधन

**जासं, फरीदाबाद**: वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कार्यरत अधीक्षक (अकादमिक) केके कथूरिया (58) का मंगलवार शाम दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

उनके निधन पर बुधवार को विश्वविद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. तिलक राज, प्रो. संदीप ग्रोवर सहित सभी संकाय सदस्यों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि केके कथूरिया मृदुभाषी तथा मेहनती व्यक्ति थे। वह 35 वर्षों से विश्वविद्यालय में सेवाएं दे रहे थे।

**Hindustan Hindi (31.03.2016)**

# वाईएमसीए के नए रजिस्ट्रार बने

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को नए रजिस्ट्रार डॉ. संजय कुमार शर्मा ने पदभार संभाला। डॉ. संजय इससे पहले अंबाला स्थित ई-मैक्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड अप्लाइड साइंस में बतौर डायरेक्टर कार्यरत थे।

इससे पूर्व कार्यवाहक रजिस्ट्रार के तौर पर पद संभाल रहे मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. तिलकराज संस्थान ने नवनियुक्त रजिस्ट्रार को पदभार सौंपा। संस्थान पहुंचने पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने डॉ. संजय का स्वागत किया। इस मौके पर प्रो. संदीप ग्रोवर और उप कुल सचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

**Navbharat Times (31.03.2016)**

## फटाफट खबरें

# बने रजिस्ट्रार

■ **वस, फरीदाबाद** : वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी फरीदाबाद के नव-नियुक्त रजिस्ट्रार डॉ. संजय कुमार शर्मा ने कार्यभार संभाल लिया। वह ई-मैक्स स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड रिसर्च, अंबाला के निदेशक रहे हैं। डॉ. तिलक राज 30 मार्च 2015 से कार्यवाहक के रूप में रजिस्ट्रार की जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे थे। वाइस चांसलर प्रो. दिनेश कुमार ने डॉ. संजय कुमार शर्मा को पदभार संभालने पर शुभकामनाएं दीं।

**Amar Ujala (31.03.2016)**

# डॉ. संजय बने वाईएमसीए के कुलसचिव

**फरीदाबाद (ब्यूरो)।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. संजय शर्मा ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। डॉ. शर्मा ई-मैक्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड रिसर्च अंबाला के निदेशक रहे हैं। वे वाईएमसीएस के छठे कुलसचिव बने हैं। इस मौके पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने उन्हें पदभार संभालने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. संदीप ग्रोवर तथा उप कुलसचिव डॉ. राजीव सिंह भी मौजूद थे। कुलपति ने कहा कि कुलसचिव के रूप में डॉ. शर्मा की नियुक्ति से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आएगी और विश्वविद्यालय के विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। डॉ. शर्मा का अकादमिक, अनुसंधान एवं विकास, मानव संसाधन विकास, उद्योग तथा प्रशासन में लगभग तीस वर्षों का अनुभव है।